# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 के अवसर पर

## ''विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार'' विषय पर ''विज्ञान उत्सव''

जबलपुर 28 फरवरी। विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में 1 एवं 2 मार्च 2021 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 के अवसर पर ''विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार'' विषय पर ''विज्ञान उत्सव'' का आयोजन रा.दु.वि.वि. के ''विज्ञान भवन'' मा. कुलपति, प्रो. कपिल देव मिश्र जी की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

''विज्ञान उत्सव'' में दिनांक 1 मार्च 2021 को भाषण, कविता–पाठ, निबंध, नवाचार आइडिया, एवं दिनांक 2 मार्च 2021 को पोस्टर, मॉडल–प्रदर्शिनी, वैज्ञानिक रांगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन 11.00 बजे से 1.00 बजे के मध्य किया जा रहा है, इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड रजिस्ट्रेशन लिंक में रजिस्ट्रेशन कर प्रतिभागिता की जा सकती है। दिनांक 2 मार्च 2021 को ही अपरान्ह 3.00 बजे समापन एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रो. सुरेन्द्र सिंह, निदेशक, विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान ने विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों एवं महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सहभागिता की अपील की है।

सभी प्रतिभागीगण पंजीयन हेतु कौशल विकास संस्थान के डॉ अजय मिश्रा, डॉ मीनल दुबे, इं. महावीर त्रिपाठी से संपर्क कर सकते है। ''विज्ञान उत्सव'' हेतु ''विज्ञान भवन'' को विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान के बी.वोक एम.एल.टी एवं बी.सी.टी. के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से सुसज्जित किया है। सभी प्रतिभागियों से कोरोना वायरस के चलते सोशल डिस्टेंसिंग के सभी नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

**रादुविवि जनसम्पर्क प्रकोष्ठ / क्रमांक / 986 / 28.02.2021**